# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , सोमवार,15 दिसंबर 2025


सुविचार



अगर तुम्हे नींद नहीं आ रही है तो उठो और कुछ करो, बजाय लेटे रहने और चिंता करने के। नींद की कमी नहीं, चिंता तुम्हे नुकसान पहुंचाती है।
- डेल कार्नेगी


### बरेली के प्रमुख समाचार

- कार ने पीआरवी में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी -II
- विश्व का नेतृत्व करने व दिशा देने को तैयार हो रहा हिंदू समाज -III
- देवमूर्ति की गुलदाउदी बनी किंग और श्रद्धा की क्वीन ऑफ शो -IV


### सिटी ब्रीफ

#### अवकाश के दिन भी खुले काउंटर, जमा हुए बिजली बिल

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के तहत रविवार को अवकाश के दिन भी विभाग के काउंटर खुले रहे। जिसमें उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीकरण कराकर अपना बकाया बिल जमा किया। सर्किट हाउस के पास स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर, रामपुर गार्डन, गांधी उद्यान, किला, सीबीगंज समेत ग्रामीण क्षेत्र में भी मुख्य अभियंता के निर्देश पर बकाया बिल जमा करने के लिए काउंटर खोले गए। बिजली बिल राहत योजना का 1 से 31 दिसंबर तक पहला चरण, जनवरी में दूसरा और फरवरी में तीसरा चरण है। योजना में बदलाव होने के बाद पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ गई है।

#### सुरेश बाबू को मिलेगा प्रताप नारायण मिश्र सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष साहित्यकार सुरेश बाबू मिश्रा को प्रताप नारायण मिश्र सम्मान से 28 दिसंबर को हरिद्वार में विभूषित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण सहस्र बुद्धे और राष्ट्रीय महासचिव सौम्या मिश्रा की ओर से जारी सम्मानित होने वाले की सूची के अनुसार सुरेश बाबू मिश्रा को प्रताप नारायण मिश्र सम्मान-2024 से अलंकृत किया जाएगा।

#### सड़क किनारे मिट्टी न डालने से पलटा ठेला सामान हुआ खराब

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के नकटिया में ग्रास मंडी की सड़क बने हुए करीब एक महीना होने जा रहा है लेकिन अब तक सड़क किनारे मिट्टी नहीं डाली गई है। इसकी वजह से हादसे होने शुरू हो गए हैं। शनिवार को एक ठेला पलटने से दुकानदार का काफी सामान खराब हो गया, जबकि ठेकेदार को भुगतान के निरीक्षण के दौरान जेई ने भी जल्द मिट्टी डलने का आश्वासन स्थानीय लोगों को दिया था। ठेकेदार ने भी सड़क निर्माण के दौरान जल्द मिट्टी डालने का आश्वासन दिया था। अब कुछ जगह तो लोगों ने ही अपने घर के सामने सड़क बराबर कर ली है।

## बरेली से मुंबई की फ्लाइट 49 मिनट देरी से उड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **निर्धारित समय से 17 मिनट देरी से मुंबई से बरेली एयरपोर्ट भी पहुंची फ्लाइट**

**अमृत विचार:** बरेली एयरपोर्ट पर रविवार को मुंबई से फ्लाइट निर्धारित समय से 17 मिनट की देरी से आई और बरेली से भी मुंबई की फ्लाइट 49 मिनट की देरी से गई। इससे यात्रियों को कुछ परेशानी हुई।

मुंबई से फ्लाइट अपने निर्धारित समय 2:20 बजे न आकर 2:37 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड हुई, जबकि बरेली एयरपोर्ट से उड़ान भरने का निर्धारित समय 2:55 बजे है लेकिन 49 मिनट की देरी से फ्लाइट 3:44 मिनट पर मुंबई के लिए उड़ान भर सकी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी ने बताया कि परिचालन में कोई दिक्कत नहीं है। कुछ कार्य होने की वजह से फ्लाइट विलंब हुई है।

#### सर्दी में बढ़ी यात्रियों की संख्या

सर्दी के मौसम में लगातार ठिठुरन बढ़ने से सैकड़ों किलोमीटर का सफर ट्रेनों से करने से लोग बच रहे हैं। ऐसे में बरेली, कुमाऊं मंडल के यात्री मुंबई जाने के लिए हवाई मार्ग चुन रहे हैं। परिचालन में सुधार के बाद यात्री मुंबई और बेंगलुरू जाने के लिए फ्लाइट पकड़ रहे हैं और मुंबई जाने वाले यात्रियों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार को बरेली-मुंबई फ्लाइट में मुंबई से 174 बरेली एयरपोर्ट पर लैंड हुए, जबकि 223 बरेली एयरपोर्ट से मुंबई उड़े।

### क्रिसमस उत्सव पर आराधना



बरेली चर्च एसोसिएशन के तत्वावधान में क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च में क्रिसमस उत्सव पर कैरल्स गाते मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

## आधी रात प्रमुख स्थानों पर ठंडे मिले अलाव

### अमृत विचार ने शनिवार देर रात जंक्शन, पुराना रोडवेज, पटेल चौक, शाहमतगंज चौराहे पर अलाव जलने की स्थिति परखी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने हाल ही में बेसहारा और राहगीरों को कड़ाके की ठंड से राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलवाने का दावा किया था, लेकिन शनिवार की आधी रात अमृत विचार ने शहर के कुछ प्रमुख स्थानों पर अलाव जलने की स्थिति देखी तो वह ठंडे मिले। न अलाव जल रहे थे और न ही उन स्थानों पर अलाव जलने के लिए लकड़ियां मिलीं। अलाव न जलने से बड़ी संख्या में राहगीर, रिक्शा चालक और असहाय लोग ठिठुरते मिले।

अमृत विचार की टीम ने आधी रात अलाव जलने की स्थिति परखी। सबसे पहले जंक्शन पर देर रात पौन बजे गए तो यहां अलाव जलता नहीं मिला। 15 मिनट बाद पहुंची अमृत विचार की टीम को पुराना रोडवेज पर भी जलाव जलते नहीं मिला। शहमतगंज चौराहे पर लोग कूड़ा जलाकर ठंड से बचाव करते दिखे, लेकिन न तो अलाव ही जलता मिला और न लकड़ियां मिलीं। इसके बाद रात करीब सवा बजे सेटेलाइट बस अड्डे पर आए तो यहां अलाव जलता मिला, लेकिन लकड़ियां गीली होने से धुआं दे रही थीं। आठ-दस लोग बैठे दिखे। पूछने पर बोले कि लकड़ियां गीली हैं इसलिए धुआं ज्यादा दे रही हैं। पटेल चौक पर भी अलाव जलता नहीं मिला, जबकि यहां रात के समय सबसे अधिक आवागमन रहता है।

कड़ाके की ठंड बढ़ने के बावजूद नगर निगम के अलाव केवल कागजी दावों तक सीमित हैं। अलाव न जलने से मजदूर, ठेला-रिक्शा चालक और यात्री सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। शहर के अन्य स्थानों पर लकड़ी उपलब्ध नहीं कराई गईं। नगर निगम ने शीतलहर को देखते हुए शहरभर में अलाव जलवाने के दावे किए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है।



रोडवेज बस अड्डे पर नहीं जल रहा अलाव। ● अमृत विचार



शहामतगंज में पॉलिथीन जलाकर तापते लोग। ● अमृत विचार



जंक्शन के पास भी अलाव न जलने से हो रही दिक्कत। ● अमृत विचार

#### दिन में धूप से मिली राहत, रात में ठिठुरे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में रविवार के तापमान में कोई अधिक अंतर नहीं देखा गया। दिन में धूप खिलने से लोगों को काफी हद तक राहत मिली, हालांकि शाम के बाद फिर से ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी मौसम में कोई अधिक परिवर्तन की संभावना नहीं जताई है। सुबह धुंध की वजह से दृश्यता कम रही। जिले का अधिकतम तापमान 23 .3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह आर्द्रता 95 प्रतिशत और शाम को 79 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक सुबह के समय कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 8 से 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## एनएचएआई की लापरवाही, मंडी पोर्टल की दिक्कत से उद्यमी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **फरीदपुर इंडस्ट्रिलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने संयुक्त आयुक्त उद्योग को पत्र लिखकर बताईं समस्याएं**

**अमृत विचार :** फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग एवं व्यापार से जुड़ी दो गंभीर समस्याओं को लेकर फरीदपुर इंडस्ट्रिलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने संयुक्त आयुक्त उद्योग को पत्र लिखा है।

पहला मामला फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में नेशनल हाईवे बीसलपुर चौराहा से फतेहगंज पूर्वी तक रोड निर्माण के दौरान मिट्टी की पटरी न बनाने का है। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि नियमानुसार एनएचएआई को रोड का निर्माण करते समय दोनों साइड पर डेढ़ मीटर मिट्टी की पटरी बनानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है, जिससे फैक्ट्रियों में आने वाले छोटे वाहन और ट्रक पलट जाते हैं। रोड के दोनों साइड बड़े-बड़े गड्ढे होने से उद्योगों में काम करने वाले लेबर, कर्मचारी और उद्यमी परेशान हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग से इसमें शीघ्र हस्तक्षेप करने और नियम अनुसार मिट्टी की पटरी निर्माण करने का अनुरोध किया है।

दूसरी समस्या कृषि उत्पादन मंडी समिति के विभागीय पोर्टल के गलत नियम की वजह से उद्योग और व्यापार प्रभावित होने का है। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि मंडी समिति की ओर से गेट पास जारी करने का समय ई-वे बिल के समय से मेल नहीं खाता। इससे ट्रक ड्राइवर गंतव्य पर सही समय पर पहुंचते हुए भी भारी जुर्माने के अधीन हो जाते हैं। पोर्टल में टाइम बढ़ाने का विकल्प नहीं होने से उद्योग और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं। रॉ मैटेरियल समय पर नहीं पहुंचने से ऑर्डर कैंसिल करने पड़ते हैं। इससे किसान की आय पर भी असर पड़ता है। एसोसिएशन ने मांग कि मंडी समिति पोर्टल को शीघ्र अपडेट किया जाए और नियमों के अनुसार ई-वे बिल के समय को मान्यता दी जाए। दोनों मामलों को लेकर गुरप्रीत सिंह ने अधिकारियों से तत्काल समाधान का आग्रह किया है, ताकि उद्योग और व्यापार सुचारु रूप से चल सके और आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न से बचा जा सके।

## परीक्षार्थियों का डिजिटल गुरु बनेगा स्वयं पोर्टल

**बरेली, अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई को डिजिटल और सहज बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 9वीं से 12 वीं विद्यार्थियों को डिजिटल अध्ययन सामग्री स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कराई है। जिले में कक्षा 9 से 12 तक एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षारत हैं। विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर विषयवार वीडियो लेक्चर, नोट्स, क्विज और मॉडल प्रश्नपत्रों की सुविधा उपलब्ध है। यह प्लेटफॉर्म न केवल सीबीएसई, बल्कि यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए भी बेहद उपयोगी है। विद्यार्थी अपने मोबाइल या कंप्यूटर से वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद वे अपनी कक्षा और विषय का चयन कर अध्ययन सामग्री का लाभ उठा सकते हैं। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार का कहना है कि परीक्षा संबंधी तैयारियों के लिए स्वयं पोर्टल काफी मददगार साबित होगा। परीक्षार्थी अपना पंजीकरण करवाकर संबंधित पठन-पाठन सामग्री सहित अन्य संबंधित सुविधाएं हासिल कर सकते हैं।

## बीडीए ने तेज की औद्योगिक टाउनशिप की कवायद, आज बनेगी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बीडीए तीन गांवों की 125 हेक्टेयर जमीन पर बसाएगा नया औद्योगिक क्षेत्र**
- **उद्यमियों को 17 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से उपलब्ध होंगे भूखंड**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने शहर में लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के नई औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना को धरातल पर उतारने की कवायद तेज कर दी है।

परियोजना के तहत 125 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र तैयार किया जाएगा। इसके लिए रहपुरा जागीर, रसूला चौधरी और भिटौरा नौगवां उर्फ फतेहगंज पश्चिमी गांव की भूमि शामिल है। भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की सहमति लेने और उनके साथ संवाद स्थापित करने के लिए बीडीए ने आज क्रय दर निर्धारण समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति किसानों से भूमि खरीदने के लिए उचित दर निर्धारित करेगी।





बीडीए के अनुसार इस परियोजना के लिए पहले ही आय-व्यय की पूरी योजना तैयार कर ली गई है और उद्यमियों को 17 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। कुल परियोजना पर लगभग 800 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें भूमि अधिग्रहण के लिए 300 करोड़ रुपये, बाहरी विकास के लिए 275 करोड़ रुपये और आंतरिक विकास के लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। परियोजना के लिए बीडीए ने पिछले सप्ताह तीन कंसल्टेंट्स को आमंत्रित कर प्रजेंटेशन लिया था। इसमें औद्योगिक टाउनशिप में विकसित किए जाने वाले एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट), ई-चार्जिंग स्टेशन, सामान्य पार्किंग क्षेत्र, भूमिगत विद्युतीकरण, पेट्रोल पंप, सीयूजीएल गैस लाइन नेटवर्क, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट समेत विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।



"प्राधिकरण का उद्देश्य नई टाउनशिप को आधुनिक औद्योगिक केंद्र बनाना है, जहां उद्यमियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों और क्षेत्र में रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास के लिए जमीन देने के बारे में अधिकांश किसान सहमति दे चुके हैं। क्रय दर निर्धारण समिति का सोमवार को गठन होगा। यह समिति स्थानीय किसानों से जमीन खरीदने के लिए संवाद कर दरें निर्धारित करेगी।
– मणिकंडन ए., बीडीए उपाध्यक्ष

### चिंताजनक

#### कैंट विधानसभा की गायब, शिफ्टेड और मृत मतदाताओं की सूची में 366 बूथों पर दिखी खराब स्थिति, बीएलओ को भी नहीं मिल रहे वोटर

## एसआईआर : शहर के कई बूथों पर दिख रहा बुलडोजर कार्रवाई का असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वुडरो पब्लिक स्कूल के छह बूथों पर करीब 2300 मतदाताओं ने नहीं भरा एसआईआर फार्म**
- **सैलानी क्षेत्र के आजाद इंटर कॉलेज परिसर स्थित 17 बूथों पर 4500 से अधिक मतदाता गायब**

**अमृत विचार :** कैंट विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को दुरुस्त कराने के लिए कराए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरा हो चुका है। बीएलओ के स्तर से कार्य के बाद जो गायब, शिफ्टेड और मृत (एएसडी) मतदाताओं की सूची बनाई गई है, उसमें 366 बूथों पर ज्यादा स्थिति खराब है।

मुस्लिम क्षेत्रों के बूथों पर ज्यादातर एसआईआर फार्म नहीं भरे गए हैं। एएसडी (डेथ, अनुपस्थित व शिफ्टिंग) वोटरों की सूची और उनके नाम देखने के बाद लग रहा है कि वुडरो और आजाद इंटर कॉलेज के बूथों पर बुलडोजर कार्रवाई का स्पष्ट असर पड़ा है। इन बूथों पर ज्यादातर मुस्लिम वोटरों ने फार्म भरने में चुप्पी साध ली है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी सूची के अनुसार पीलीभीत रोड के वुडरो पब्लिक स्कूल परिसर बड़ा मतदान केंद्र है। यहां छह बूथ हैं और इन बूथों पर फाइक एन्क्लेव और इसके आसपास की दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के वोटर डालते हैं लेकिन एसआईआर की एएसडी सूची की बात करें तो वुडरो पब्लिक स्कूल के बूथ कमरा नंबर एक के 554 (37 डेथ), नंबर दो के 530 (21 डेथ), नंबर तीन के 361 (22 डेथ), नंबर चार के 263 (10 डेथ), नंबर पांच के 227 (5 डेथ) और नंबर छह के 456 (18 डेथ) वोटरों के गणना प्रपत्र नहीं भरे गए हैं। इसमें ज्यादातर अनुपस्थित वाले हैं। माना जा रहा है कि हाल ही में हुई बुलडोजर कार्रवाई से यहां के ज्यादातर मुस्लिम वोटर नाराज हैं। यही वजह है कि एसआईआर कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं।

इसी तरह सैलानी क्षेत्र के अधिकांश वोट आजाद इंटर कॉलेज में पड़ते हैं। इस कॉलेज में सैलानी गेट, शाहजहांपुर गेट और बारादरी गेट के नाम पर 17 बूथ हैं। इन पर अधिकांश वोटर मुस्लिम हैं। एएसडी सूची के अनुसार मौलाना इंटर कॉलेज के सैलानी गेट के कमरा नंबर एक के 187, नंबर दो के 226, नंबर तीन के 306, नंबर चार के 455, नंबर पांच के 394, नंबर छह के 485 वोटर, शाहजहांपुर गेट के बूथ कमरा नंबर एक के 301, नंबर दो के 310, नंबर तीन के 468, नंबर चार के 298, नंबर पांच के 305, नंबर छह के 149 वोटर और बारादरी गेट बूथ के कमरा नंबर एक के 207, नंबर दो के 222, नंबर तीन के 111, नंबर चार के 250, नंबर पांच के 275 वोटर ऐसे हैं जिनके गणना प्रपत्र फार्म नहीं भरे गए हैं। इनमें कुछ वोटरों की मृत्यु हो चुकी है। इस विधानसभा में 138600 वोटर एएसडी सूची में हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एसीएम गुलाब चंद्र बीएलओ के साथ एएसडी सूची का पुनः सत्यापन करा रहे हैं।

#### इन मोहल्लों और कॉलोनियों के बूथों की एएसडी वोटरों की सूची लंबी-चौड़ी

कैंट विधानसभा क्षेत्र के बेनीपुर चौधरी, सिठौरा, शांति विहार, सनैया धन सिंह, विश्व नाथ पुरम, सुभाषनगर, जसौली, कुंवरपुर, मलूकपुर, ईस्टर्न ई ब्लॉक नेकपुर, मढ़ीनाथ, कांकरटोला, घेर जफरखान, चक महमूद, जोगी नवादा, जगतपुर, वुडरो स्कूल क्षेत्र, एजाजनगर गौटिया, जगतपुर, नवादा शेखान, बालजती नवादा शेखान, बुखारपुरा, सैलानी रोड, खुर्रम गौटिया, बरेली कॉलेज बरेली की न्यू और ओल्ड बिल्डिंग, बारादरी एरिया, काजीटोला, रोहली टोला, सदर बाजार, रवीन्द्र नाथ टैगोर के नार्दन व वेस्टर्न कमरों के बूथ, कैंट, हरुनगला, ग्रीन पार्क, कूंचा सीताराम, बिहारीपुर, बिहारीपुर मेमरान, ख्वाजा कुतुब, नोमहला, जीआईसी, कालीबाड़ी, बांसमंडी, गंगापुर, सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज आदि क्षेत्रों में पांच से लेकर आठ-दस तक बूथ हैं, इन बूथों पर एएसडी (डेथ, अनुपस्थित और शिफ्टिंग) वोटरों की सूची लंबी चौड़ी है, मृत हो चुके वोटरों के अलावा अन्य वोटरों ने अपने गणना प्रपत्र फार्म नहीं भरे हैं।

#### तहसील सदर परिसर के 9 बूथों के वोटरों ने भी साधी चुप्पी

कैंट विधानसभा क्षेत्र के तहसील सदर परिसर में 9 बूथ बने हैं, इनके ज्यादातर वोटरों ने भी चुप्पी साधी है। जबकि ये बूथ जिला प्रशासन की सीधे निगरानी वाले हैं। एएसडी सूची में बताया गया है कि तहसील सदर की ओल्ड बिल्डिंग के बूथ कमरा नंबर एक के 542, दो नंबर के 729, नंबर तीन के 616, नंबर चार के 368 और तहसील की न्यू बिल्डिंग बूथ के कमरा नंबर एक के 357, नंबर दो के 467, नंबर तीन के 325 और नंबर चार के 243 वोटरों के गणना प्रपत्र नहीं भरे गए हैं, इसमें कुछ वोटरों की मृत्यु हो चुकी है।

## धर्मेंद्र कश्यप, डॉ. केएम अरोड़ा व सूर्य प्रकाश बने राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

**बरेली, अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने रविवार को राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की घोषणा करते हुए बरेली के तीन वरिष्ठ नेताओं को स्थान दिया है।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप और पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. केएम अरोड़ा, आंवला के सूर्य प्रकाश पाल को परिषद में सदस्य नामित किया है। तीनों नेताओं को जिलेभर के जनप्रतिनिधियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, गुलशन आनंद ने मॉडल टाउन स्थित आवास पहुंचकर डॉ. केएम अरोड़ा को बधाई दी।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
YouTube पर Search करें
डा. शेख
भारत प्रसिद्ध
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## दरगाह को बदनाम करने को कराई जा रही कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत खानदान के सबसे बुजुर्ग शख्स मन्नानी मियां के दामाद और मौलाना तौकीर रजा खां के बहनोई मोहसिन रजा और मौलाना तौकीर रजा समेत कई लोगों पर इज्जतनगर थाने में शनिवार को जमीन के कब्जे के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद रविवार को मोहसिन रजा ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि दरगाह आला हजरत को बदनाम करने और साजिश के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हर मामले में 26 सितंबर को शहर में हुए बवाल और मौलाना तौकीर रजा खां का जिक्र करके परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इज्ज्तनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर दरगाह आला हजरत को बदनाम करने की साजिश कर रहा है।

उन्होंने कि उनके मामले में मौलाना तौकीर रजा का नाम जोड़ा जा रहा है, जबकि वह जेल में हैं और उनसे किसी का संपर्क भी नहीं है। कहा कि उन्होंने न कोई जमीन खरीदी है न ही बेची है। मोहसिन रजा ने अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

# नगर निगम की शह पर हर सप्ताह सज रहा संडे बाजार, लग रहा जाम

## सेटेलाइट की ओर आने-जाने वाले के लिए सिरदर्द बनता जाम, नहीं कोई समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मालियों की पुलिया से ईसाईयों की पुलिया तक लगने वाला संडे बाजार राहगीरों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। संडे बाजार में सड़क की दोनों ओर दुकानें लगने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शाम को स्थिति ज्यादा खराब हो रही है। ईसाइयों की पुलिया पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती होने के बावजूद संडे बाजार सड़क किनारे लगने से राहगीरों को जाम से परेशान होना पड़ रहा है।

नगर निगम की शह पर और पुलिस की अनदेखी से लगने वाले संडे बाजार में सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से दुकानें और ठेले लगने से पूरी सड़क जाम की चपेट में आ जाती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, लोग घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाजार लगने के नाम पर सड़क को पूरी तरह घेर लिया जाता है। न तो दुकानदारों को तय सीमा में रोका जाता है और न ही यातायात


ईसाइयों की पुलिया के पास संडे बाजार की वजह से लगे भीषण जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- पुलिस भी फड़ों-ठेलों को व्यवस्थित कराने पर नहीं देती ध्यान

व्यवस्था पर कोई ठोस निगरानी होती है। नतीजतन दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ बुजुर्ग और महिलाएं भी जाम में फंसकर परेशान होते हैं। कई बार तो एंबुलेंस तक को रास्ता मिलना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि हर रविवार यही हाल होता है, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने आंखें बंद कर ली हैं। बाजार के लिए कोई वैकल्पिक स्थल या स्थायी व्यवस्था न होने से अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस ने रविवार को ईसाईयों की पुलिया पर बैरेकिड़िग कर दी गई, जिससे कोई वाहन चालक बीच से न निकल सकें। ईसाईयों की पुलिया पर पुलिस यातायात को सुचारू करने के बजाय चालान करने में मशगूल रही।


सड़क पर लगी दुकानों की वजह से लगा जाम। ● अमृत विचार

## एसआईआर को हिंदू मुसलमान में बांट रहे अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सपा प्रमुख पर साधा निशाना

**अमत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने सपा प्रमुख पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को बयान जारी करते हुए कहा कि एसआईआर अभियान में मतदाताओं की सूची दुरुस्त की जा रही है। चुनाव आयोग का मकसद कोई हिन्दू-मुस्लिम माहौल तैयार करना नहीं है, बल्कि ये सुनिश्चित करना है कि किस क्षेत्र में कितने मतदाता हैं और कितने दूसरी जगह चलें गए या कितने लोगों का देहांत हो चुका है, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस मुहिम को हिंदू- मुसलमान में बांट रहे हैं, जबकि हकीकत में ऐसा कुछ भी नहीं है, वो बचकाना बातें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि मुसलमान देश के किसी कोने में मजदूरी का काम कर रहा है उसने चिंता और जिम्मेदारी के साथ अपने परिवार से संपर्क करके एसआईआर के फार्म भरवाए। दूसरी तरफ अरब के खाड़ी देशों में काम करने गए कई नौजवानों ने भी ध्यान देकर फार्म भरवाए। वहीं दूसरी तरफ हिन्दू भाइयों ने सुस्ती और लापरवाही का उदाहरण पेश किया, जिससे वो एसआईआर के फार्म भरने में मुसलमानों से पीछे रह गए।

अगर एसआईआर की मतदाता सूची देखी जाएं तो आज की तारीख में मुसलमान आगे और हिन्दू पीछे नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है गत वर्षो में सीए और एनआरसी का जब कानून बना तो सियासी लोगों ने और खास कर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने मुसलमानों को डरा दिया था कि इस कानून के जरिए हुकूमत मुसलमानों की नागरिकता छीनने का प्लान बना रही है।

यह डर और खौफ मुसलमानों के दिलों दिमाग में बैठा हुआ था, जिसकी वजह से मुसलमानों ने एसआईआर में बहुत अच्छी भूमिका निभाई।

## एसआईआर के काम से लौट रहे शिक्षक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सिर पर हेलमेट से हमला करके किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बदायूं रोड पर डयूटी से लौट रहे सहायक अध्यापक को रोककर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। अध्यापक से मारपीट कर एसआईआर के प्रपत्र फाड़ दिए। सुभाषनगर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र की वैष्णोधाम, बीडीए कालोनी निवासी जितेंद्र कुमार बेसिक शिक्षा परिषद में सहायक अध्यापक है। वर्तमान में वह बीएलओ हैं और एसआईआर में करेली में डयूटी कर रहे हैं। वह शुक्रवार शाम को डयूटी से वापस घर लौट रहे थे कि तभी बीडीए कॉलोनी के दो अज्ञात लड़कों ने गाड़ी में हाथ मारकर रोक लिया। बिना कारण बताए किसी बात पर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दूसरे लड़के ने हेलमेट से हमला करके घायल कर दिया। आरोप है कि उसके प्रपत्र भी फाड़ दिए गए। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने किसी तरह से बचाया। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। अध्यापक ने अपनी जान का खतरा बताते हुए सुभाषनगर पुलिस से शिकायत की है, जिसके बाद सुभाषनगर पुलिस ने दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## विद्यालय से इन्वर्टर एलईडी समेत अन्य सामान चोरी

**बरेली, अमृत विचार:** सर्दी का मौसम शुरू होते ही चोरी की घटनाएं भी शुरू हो गई हैं। इससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे हैं। चोरों ने एक प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राथमिक विद्यालय गिरधारीपुर की सहायक अध्यापक गुंजन अग्रवाल ने बताया कि 12 दिसंबर को जब स्टाफ विद्यालय पहुंचा तो चैनल कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष और स्टोर कक्ष का ताला टूटा हुआ था। इसके अलावा दीवार की जाली भी टूटी भी थी। देखने पर पता लगा कि चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर इन्वर्टर, बैट्री, एलईडी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया।

## कार ने पीआरवी में मारी टक्कर बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क पर खड़ी यूपी 112 की पीआरवी में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें बैठे पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए। सूचना मिलने पर थाना प्रेमनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सड़क पर लगे जाम को खुलवाकर वाहन को कब्जे में लेकर चालक को थाने ले आई।

राजेंद्र नगर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सामने रविवार शाम को एक कार ने पुलिस की पीआरवी को टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी पुलिसकर्मी के चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस


हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर लापरवाही से वाहन चलाने की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- राजेन्द्रनगर में रविवार शाम हुआ हादसा, पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया

घटना के चलते कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सुचारू कर दिया गया।

## छात्रा के फोटो वायरल कर परेशान कर रहा जीजा

**बरेली, अमृत विचार:** एक छात्रा को उसका जीजा फोटो वायरल करने की धमकी देकर परेशान कर रहा है। आरोप है कि जीजा कह रहा है कि उसकी शादी नहीं होने देगा। विरोध करने पर उसके माता-पिता के साथ गाली गलौज करके बहन के साथ भी मारपीट करता है। छात्रा की तहरीर पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक छात्रा ने बताया कि गाजियाबाद निवासी उसका बहनोई उसके मोबाइल पर गंदे-गंदे मेसेज करके पिता के पास अश्लील फोटो भेजकर वायरल कर रहा है। आरोप है कि वह कहता है उसकी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। वह कहता है कि उसे कोई दान दहेज नहीं मिला है। वह अब 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है।

## सोशल मीडिया पर युवक ने डाली आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

- पोस्ट देखकर एक समुदाय के लोगों में फैला रोष, कार्रवाई को पहुंचे थाने

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर एक युवक ने एक समुदाय विशेष के लिए भड़काऊ पोस्ट डाल दी। लोगों ने अपनी भावनाएं आहत होने का आरोप लगाकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। दर्जनों लोग सीबीगंज थाने में तहरीर देने के लिए पहुंच गए। सीबीगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे हिरासत में ले लिया।

गांव जोगीठेर निवासी मुस्तफा रजा ने आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव ऐना निवासी अरविंद राजपूत ने उनके धर्म को लेकर फेसबुक और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली। रविवार को जैसे ही पोस्ट की जानकारी लोगों को हुई तो क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। दर्जनों लोग थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायती पत्र सौंपा। पुलिस ने आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर भड़काऊ पोस्ट वायरल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

## पड़ोसियों पर लगाया हमला करने का आरोप

**भुता, अमृत विचार :** गांव लहिया निवासी डोरी लाल ने बताया कि उनके भाई दीनानाथ परिवार के साथ रहते हैं। पड़ोसी आए दिन शराब पीकर गांव में गाली गलौज करते हैं। शनिवार रात 8 बजे भाई दीनानाथ को पड़ोसी गाली दे रहे थे। मना करने पर नन्हेलाल, भारत, अतुल, अजय, उत्तम आदि घर में घुस आए और धारदार हथियार से हमला कर भाई दीनानाथ, पत्नी तारावती, बेटा विजय, मां गंगा देई को घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## पंचायत के बाद भी नहीं बनी बात लौटी बरात, दूल्हे समेत 6 पर रिपोर्ट

संवाददाता, कैंट/बरेली

- दुल्हन के भाई की तहरीर पर कैंट पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार:** सदर बाजार में शुक्रवार रात फेरों से पहले बरात को लेकर हुआ विवाद पंचायत के बाद भी सुलझ नहीं सका और बरात वापस लौट गई। कैंट थाना पुलिस ने दुल्हन के भाई की तहरीर पर दूल्हा समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में लिया था लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया।

कैंट थाना क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी ऋषभ से तय की थी। सगाई और लगन में पांच लाख रुपये खर्च किए थे। 12 दिसंबर की रात उसकी बहन की शादी युगवीणा में थी। बरात जब देर रात उसके दरवाजे पर पहुंची तो दूल्हे वालों ने 20 लाख नकद और ब्रेजा कार की मांग कर दी। मांग पूरी होने के बाद ही फेरे और अन्य रस्में करने की बात कही। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं माने और बरात वापस ले जाने की धमकी देने लगे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दूल्हे समेत अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। देर रात तक कैंट थाने में पंचायत चलती रही, लेकिन दूल्हे वाले नहीं मानें। उसके बाद कैंट पुलिस ने दुल्हन के भाई की तहरीर पर दूल्हा ऋषभ, उसके पिता रामऔतार, मां, भाई आशीष और बहन-बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अनदेखी** | मरम्मत के नाम पर हर बार होता दिखावा, जिम्मेदारों ने ओढ़ रखी खामोशी, जोखिम में हजारों की जान

# हार्टमन पुल :सरिया बाहर, उधड़ी सड़क और फुटपाथ दे रहे दुर्घटना का संकेत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हार्टमन पुल से यदि आप भी वाहन लेकर निकलते हैं तो संभलकर चलिए, क्योंकि इस पुल से यात्रा करना किसी खतरे से खाली नहीं है। पुल पर बने गहरे और चौड़े गड्ढों ने स्थिति को बेहद भयावह बना दिया है। आलम यह है कि पुल के बीचो बीच कई गड्ढे इतने बड़े हो चुके हैं कि दोपहिया वाहन असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। कार और भारी वाहनों के पहिये इनमें जाने से झटका लगता है, जिससे दुर्घटना का अंदेशा लगातार बना रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं।

हार्टमन पुल वर्ष 2013 में बना शहर का एकमात्र आरसीसी सतह वाला पुल है। इसकी सतह कई बार उखड़ चुकी है और हर बार


हार्टमन पुल पर गड्ढे में दिखने लगी सरिया। ● अमृत विचार


पुल पर टूटा फुटपाथ। ● अमृत विचार

मरम्मत केवल सीमेंट डालकर कर दी जाती है। नतीजा यह होता है कि कुछ ही महीनों में पैबंद उखड़ जाता है और हालात फिर वैसी ही बदहाली पर लौट आते हैं। करीब पांच महीने पहले बड़े-बड़े गड्ढों को भरा गया था, यहां तक कि जहां लोहे की सरिया दिखने लगी थी, उस जगह भी जल्दबाजी में सड़क बिछा दी गई थी। अब वही सतह दोबारा टूटने लगी है और सरिया बाहर झांकने लगी है। पुल को जोड़ने वाले एक्सपेंशन जॉइंट भी कई जगह अलग हो रहे हैं, जिससे वाहन गुजरते समय तेज झटका महसूस होता है।

**एंबुलेंस को भी झटका लग रहा, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा :** पुल की वर्तमान स्थिति केवल आम लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि आपातकालीन सेवाओं के लिए भी चुनौती बन गई है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाली एंबुलेंस इन गड्ढों में फंसकर उछल जाती हैं, जिससे मरीजों को तेज झटका लगता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि पुल के दोनों तरफ फुटपाथ जगह-जगह उखड़ चुका है। गड्ढों में हर दिन किसी न किसी वाहन का पहिया फंसकर क्षतिग्रस्त हो जाता है। पुल की मरम्मत ने इसे एक बड़े हादसे का केंद्र बना दिया है। इधर, जानकारों का कहना है कि सरिया के खुले रहने और लगातार सतह उखड़ने से पुल की संरचनात्मक मजबूती पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में यदि समय रहते समुचित और स्थायी मरम्मत नहीं की गई, तो कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी हो सकती है।

- पुल पर बने गहरे और चौड़े गड्ढों ने स्थिति को बना दिया बेहद भयावह
- पुल के गड्ढों में फंसकर आए दिन दुपहिया वाहन होते हादसे का शिकार


कई बार पुल की सड़क की मरम्मत हुई, लेकिन ये काम दिखावे से ज्यादा कुछ नहीं लगता। जहां-जहां सरिया दिख रही थी, बस ऊपर से सीमेंट लगा दिया जाता है। पुल की दोनों तरफ कई जगह सड़क उखड़ चुकी है।पुल पर रात के समय गुजरते हुए ज्यादा डर लगता है।

**-राम कुमार**, दुकानदार


पिछले साल पीडब्ल्यूडी ने कहा था कि पुल ठीक करा दिया गया है, लेकिन हालत आज भी वही हैं। एक्सपेंशन जॉइंट जगह-जगह अलग हो रहे हैं। हमें डर है कि कहीं यह पुल धीरे-धीरे कमजोर न हो जाए। संबंधित विभाग को तुरंत ठोस मरम्मत करानी चाहिए, वरना भारी नुकसान हो सकता है।

**- विशाल महरोत्रा**, व्यापारी


हम तो तांगा लेकर आए दिन इसी पुल से गुजरते हैं। इस पुल के हालात कुछ ऐसे हो गए हैं कि गड्ढा बचाओ या जान बचाओ- समझ नहीं आता। पुल पर गहरे गड्ढे की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। एक दिन कोई बड़ी दुर्घटना होगी तभी शायद जिम्मेदार जागेंगे।

**-जोहरीलाल**, तांगा चालक


ऑटो से दुकान का सामान लेकर हम दिन में कई बार इस पुल से निकलते हैं। गड्ढों में पहिया लगता है तो पूरा ऑटो हिल जाता है। एंबुलेंस को भी ऐसे ही झटका लगता होगा। यह तो सीधे-सीधे जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ है।

**- निमेश**, दुकानदार

# विश्व का नेतृत्व करने व दिशा देने को तैयार हो रहा हिंदू समाज

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आईएमए सभागार में आयोजित हुई प्रमुख जन गोष्ठी में सह सरकार्यवाह ने संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि हिंदू संस्कृति और हिंदू धर्म अनंत विविधता को एक साथ लेकर चलने का सामर्थ्य रखता है। हिंदू धर्म किसी एक मत, मजहब या पंथ का नाम नहीं है, बल्कि अनेक मत और मजहबों को यह खुद में समाहित किए हुए है। आज विश्व अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, इनका समाधान दुनिया के तमाम विद्वान भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की परंपराओं में तलाश रहे हैं। दुनिया हमारी ओर आशा भरी दृष्टि से देख रही है, हमें उनके मार्गदर्शन के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को आईएमए के सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि हिंदू धर्म अपने से विपरीत मत को भी सहजता से स्थान देने को तत्पर रहता है। हिंदू धर्म की सहिष्णुता, उदारता और सामंजस्य इसकी सबसे बड़ी ताकत है। विश्व की कई समस्याओं का समाधान भी इसी में छिपा है।

एक हजार साल से अधिक समय की परतंत्रता के कारण विश्व की सबसे समृद्ध संस्कृति वाला हिंदू समाज गरीबी, अशिक्षा, नशा, बेरोजगारी और छुआछूत जैसी कुरीतियों में फंस गया, लेकिन अब एक बार फिर हिंदू चेतना जागृत हो रही है। फिर हिंदू समाज विश्व का नेतृत्व करने और उसे दिशा देने के लिए तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान, तप और ध्यान की संस्कृति है। यह देश हमारा है यहां के नियम कानून का पालन करना हमारा दायित्व है। नागरिकों को अपनी पुरातन संस्कृति के गौरव की अनुभूति करनी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला।



आईएमए परिसर में सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल के साथ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. शरद अग्रवाल।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आईएमए के सभागार में प्रमुख जन गोष्ठी में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### संयुक्त परिवार सबसे बड़ी ताकत, कुटुंब व्यवस्था फिर करनी होगी सुदृढ़

मुख्य वक्ता डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि पर्यावरण का तेजी से ह्रास रहा है, परिवार टूट रहे हैं, एकाकीपन के कारण लोग अवसाद में आकर आत्महत्या कर रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए पूरी दुनिया हिंदू धर्म और संस्कृति की ओर आशा भरी नजर से देख रही है। दुनिया भर के लोग अब हिंदू विवाह पद्धति, हिंदू खानपान, हिंदू संस्कार, हिंदू कुटुंब व्यवस्था की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे समय में समाज के प्रति हमारा दायित्व अधिक बढ़ जाता है। हमें अपने परिवारों को सुसंस्कृत हिंदू परिवारों के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में पर्यावरण के प्रति सदैव से लगाव और सम्मान का भाव रहा है। पशु-पक्षी और पेड़-पौधों की उपासना इसकी पहचान है। पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में हम एकल परिवार की दिशा में बढ़ गए, लेकिन संयुक्त परिवार हमारी सबसे बड़ी ताकत रहा है, हमें अपनी कुटुंब व्यवस्था को एक बार फिर सुदृढ़ करना होगा।

### कई डॉक्टरों ने रखे प्रश्न

सभागार में अनेक प्रमुख जनों ने अपने प्रश्न रखे, जिनका सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने समाधान किया। प्रश्न पूछने वालों में डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ मयंक, डॉ विजय यादव, डॉ. अनिमेष मोहन, डॉ. सतेंद्र सिंह, विनय ऋषिवाल, डॉ अतुल श्रीवास्तव प्रमुख थे। प्रांत संघचालक शशांक भाटिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विवेक मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ शरण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कूच बिहार ट्रॉफी: यूपी और बंगाल की टीमों ने किया अभ्यास

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्रॉफी के तहत 16 से 19 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच होगा। यूपी की टीम शुक्रवार और बंगाल की टीम शनिवार की देर रात शहर पहुंची। दोनों टीमों ने रविवार को मैदान में अभ्यास किया। टीमों के साथ कोच और सपोर्ट स्टॉफ ने खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए पिच और ग्राउंड पर उनके खेल पर काम किया।

● **कल दोनों टीमों के बीच एसआरएमएस ग्राउंड में होगा मैच**

स्टेडियम में मैच के लिए तैयारियां भी अंतिम चरण पर पहुंच गई हैं। रविवार को यूपी की टीम ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में अभ्यास किया। बंगाल की टीम ने कोच स्वरासिहिष लेहरी के साथ बारीकियों पर काम किया। दोनों टीमों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्रों में अभ्यास किया। यूपी की टीम सोमवार को सुबह साढ़े 9 बजे से और बंगाल की टीम सुबह साढ़े 11 बजे से अभ्यास करेगी।

## व्यापारियों की समस्या और निदान पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रविवार को हापुड़ में हुआ, जिसमें बरेली समेत 35 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में व्यापारियों की समस्या और निदान पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि प्रदेश के किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। ऑनलाइन कंपनियों पर कड़ा कानून लगाने की बात केंद्र सरकार से रखेंगे। व्यापारी हित और उनकी समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री से शिष्टमंडल मिलेगा। बरेली महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि उन्होंने महासम्मेलन में व्यापारियों को होने वाली समस्याओं को उठाया। व्यापारियों को जीएसटी विभाग के अधिकारी नोटिस देकर बुलाते हैं और उनका उत्पीड़न करते हैं। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए उनको शस्त्र लाइसेंस मिलने की बात कही। इसके लिए प्रत्येक व्यापारी का आयुष्मान कार्ड और अन्य समस्याओं और उनके निदान की बात रखी। बरेली से हापुड़ जाने वाले व्यापारियों में संगठन के प्रभारी रोहित जिंदल, महामंत्री दीपक द्विवेदी, अनिल राजपूत, महेंद्र, विष्णु शुक्ला, सोनू मौर्य, सतेंद्र पटेल, प्रमोद रघुवंशी, डॉ. प्रदीप सक्सेना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



हापुड़ में हुए महासम्मेलन में महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला। ● अमृत विचार

● **उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम का हापुड़ में हुआ प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन**

## कृष्णपाल अध्यक्ष और सतेंद्र पाल महामंत्री चुने गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ऑटो रिक्शा-टेंपो चालक वेलफेयर एसोसिएशन का 11 वां सम्मेलन रविवार को बरेली जंक्शन स्थित मनोरंजन सदन में हुआ। इसमें राजनीतिक और सांगठनिक रिपोर्ट पर चर्चा कर उन्हें पास किया गया। अंत में 11 सदस्यीय नई कार्यकारिणी और नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ, जिसमें कृष्णपाल को अध्यक्ष और सतेंद्र पाल को महामंत्री चुना गया।

राजनीतिक रिपोर्ट पर बात रखते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्णपाल ने कहा कि आज देश और दुनिया में उथल-पुथल जारी है। गहराते आर्थिक संकट ने मजदूर-मेहनतकशों के जीवन को कठिनाइयों में धकेला है। हम ऑटो चालक भी इन कठिनाइयों को अपने जीवन में महसूस कर रहे हैं। सरकार की नीतियों का ही दुष्परिणाम है कि एक तरफ चंद पूंजीपति मालामाल हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ लगभग 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन पर निर्भर हैं।

बीटीयूएफ के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी के चलते पढ़े- लिखे नौजवान भी ऑटो चला रहे हैं। सड़कों पर बेतहाशा बढ़ती ऑटो की संख्या चालकों की कमाई को भी प्रभावित कर रही है। ऑटो एसोसिएशन बीटीयूएफ की सक्रिय यूनियन है। ऑटो चालकों को अपनी समस्याओं के हल के लिए एकजुट होकर यूनियन को मजबूत बनाना होगा और संघर्ष को आगे बढ़ाना होगा। हम यूपी सरकार के छह माह तक हड़ताल पर रोक (एस्मा) लगाने के फैसले का भी पुरजोर विरोध करते हैं।

एसोसिएशन के महामंत्री सतेंद्र पाल ने कहा कि शहर में लगभग 10,000 ऑटो, ई-ऑटो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या होने के बाद भी हमारे लिए स्टैंड, पार्किंग, पीने का पानी, शौचालय, ईएसआई आदि की सुविधा उपलब्ध नहीं है। जब-तब हमें शासन- प्रशासन की मनमानी व अवैध चालानों का शिकार होना पड़ता है। सम्मेलन में दो प्रस्ताव भी पास किए गए।

सम्मेलन को इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव ध्यान चंद्र मौर्या, कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरिशंकर, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के ललित, परिवर्तनकामी छात्र संगठन की निशा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वीरेंद्र मौर्य, अजय, ओम प्रकाश, विनोद दुबे, प्रेमपाल मौर्य, रूपलाल, प्रमोद कुमार, राजकुमार शर्मा, आमिर हुसैन, इम्तियाज, जहीर उद्दीन, इमरान हुसैन, गुड्डू, मनीष कुमार, राजेंद्र शर्मा, रविन्द्र पाल, अतुल सिंह, संदीप कुमार सहित कई ऑटो चालक शामिल रहे।




सम्मेलन में बोलते ऑटो रिक्शा-टेंपो एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **ऑटो एसोसिएशन का 11वां सम्मेलन रविवार को संपन्न**

## सिटी डायरी

### रन फॉर यूनिटी से दिया एकता का संदेश


**बरेली, अमृत विचार :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रविवार को महानगर कालोनी में 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों, महिलाओं और महानगर वासियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक केंद्र पर खेल, व्यायाम और योग के साथ हुआ। शिक्षाविद बाबू राम गंगवार और राजेश कश्यप ने सभी को एकता की शपथ दिलाई। बाबू राम गंगवार ने कहा कि सरदार पटेल देश की एकता के महान शिल्पकार भी थे। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के योगदान को समझकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अमित अग्रवाल ने एकता का संदेश देने वाला गीत प्रस्तुत कर सभी को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। ललित कुमार गंगवार ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जातिगत भेदभाव और आर्थिक असमानता को समाप्त कर सशक्त भारत के निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम में डीके सिंह, प्रदीप गंगवार, सुनील गिरि, सत्यप्रकाश आदि की सहभागिता रही।





### साइक्लिंग में पूर्व सैनिकों ने लिया हिस्सा

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में रविवार को संडे ऑन साइक्लिंग का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई जो गांधी उद्यान, शास्त्री चौक, बीआई बाजार, गोला बाजार होते हुए साई पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी ने किया। सभी प्रतिभागियों को फिट रहने के लिए अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन 30 मिनट अनिवार्य रूप से एवं व्यायाम करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरएन टैगोर इंटर कॉलेज के 40 एनसीसी की 21 यूपी बटालियन एवं 8 यूपी गर्ल्स (जेडब्ल्यू) बटालियन और 5 एक्स सर्विसमैन ऑर्मी, श्रीधर शुक्ला, शुभम चौरसिया, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।



### दिल्ली में राहुल गांधी की रैली में जिले के कांग्रेसी भी हुए शामिल

**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ रैली का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरे देश भर में वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को बुलंद करते हुए सड़कों पर उतरकर देश की जनता को इससे जोड़ने का आग्रह किया है। रैली में शामिल होने के लिए जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, सोशल आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सहारा एडवोकेट, पीलीभीत की शहर कोऑर्डिनेटर रफिया शबनम, फैजर नवाब, रमेश चंद श्रीवास्तव, दीपक पंडित, नीरज कुमार, मनोज शर्मा भी गए।

### प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होते ही भाजपा कार्यालय पर मना जश्न

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार को प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा को लेकर कार्यकर्ताओं में गजब उत्साह नजर आया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के कार्यक्रम को एलईडी लगाकर लाइव देखा। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। आयोजन में भाजपा उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, विष्णु शर्मा, प्रभुदयाल लोधी, रेखा श्रीवास्तव, तृप्ति गुप्ता, अमन सक्सेना, जेपीएस पाल, विपिन भास्कर, राज बहादुर सक्सेना, अजय चौहान, विशाल, पार्षद शालिनी जौहरी, अतुल कपूर, चंद्रप्रकाश गुप्ता, राहुल साहू, निर्भय गुर्जर, वीरपाल गंगवार, अभय चौहान, मेघनाथ कठेरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## अमित और शशांक के शानदार प्रदर्शन से जीती टीमें

**बरेली, अमृत विचार :** जिमखाना प्रीमियर लीग सीजन-5 का शुभारंभ रविवार को महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के ग्राउंड पर हुआ। लीग में 4 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। पहले दिन दो रोमांचक मुकाबले हुए। पहले मैच में बाइनरी एवेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रुद्रा वॉरियर्स को 56 रनों से पराजित किया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शशांक शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शशांक ने 39 रन बनाने के साथ ही 5 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं दूसरे मैच में रोविहुड इलेवन ने दमदार खेल दिखाते हुए बुल्स बरेली को 50 रनों से हराया। मैन ऑफ द मैच अमित यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 131 रन बनाए। इस अवसर पर अमित रावल, सुशील कुमार, शशांक शर्मा, सूर्यांश ठाकुर, रोहित सक्सेना, राहुल टोरेस, गोपाल सिंह, रचित दीक्षित, रॉबिन आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने ग्रहण की शपथ



शामली में आयोजित समारोह में सांसद के साथ बरेली के व्यापारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की नव निर्वाचित प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शामली में हुआ। इसमें दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद एवं कॉन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल और विधायक प्रसन्न चौधरी, अशरफ अली ने शिरकत की। प्रवीण खंडेलवाल ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग, प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा और प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास जैन को शपथ दिलाई। इसके बाद घनश्याम दास ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और उत्तर प्रदेश के युवा अध्यक्ष एवं बरेली के व्यापारी सुनील खत्री को शपथ ग्रहण कराई।

प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर जीएसटी अधिकारियों की ओर से व्यापारियों के उत्पीड़न को रोकने, व्यापारी पेंशन योजना लागू करने और स्टॉक व दुर्घटना बीमा बढ़ाने की मांग की। बरेली से प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री, मनोज देवल, सैयद मो. हैदर जाफरी, करण कुमार, प्रवीण कुमार, तारिक, राजा खान, आशीष गोयल, संजय कुमार, आजाद नबी, राजू कुमार, धीरज कुमार आदि उपस्थित हुए। युवा अध्यक्ष सुनील खत्री ने कहा कि समारोह ने व्यापार मंडल की एकता, संगठनात्मक मजबूती और प्रदेश व्यापारियों के बीच जागरूकता को नई दिशा दी। इससे संगठन को ओर मजबूती मिलेगी।

## वार्षिक एथलेटिक मीट में छात्रों ने दिखाया जोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में रविवार को वार्षिक एथलेटिक मीट ''स्पर्धा'' का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय की तीनों शाखाओं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिवीजनल फाइनेंस मैनेजर, पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर डॉ. रत्नेश कुमार सिंह और विद्यालय की निदेशिका राधा सिंह ने खेल मैदान में गुब्बारे उड़ाकर किया। विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। डॉ. रत्नेश ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्षता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान फ्लैग ड्रिल, हूला-हूप, फ्लावर, पॉम-पॉम और वेलकम डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में योगिता राणा प्रथम, काव्या द्वितीय और नंदिनी तृतीय, 200 मीटर बालक वर्ग में अनस अली प्रथम, सक्षम द्वितीय और निर्भय तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बनी जंपिंग फन रेस, आइसक्रीम रेस, रिले रेस सहित कई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए टग ऑफ वार विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों को लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें कक्षा 12 के टॉपर रोहित सिंह कमल को और कक्षा 3 से 11 तक के टॉपर्स को स्व. करन सिंह मेमोरियल स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया। निदेशिका राधा सिंह और डायरेक्टर निर्भय बेनीवाल ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने मीट सफल आयोजन पर स्टॉफ का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, गीता शर्मा, राजेश जौली, पारुष अरोड़ा, अमनदीप सिंह बेदी, सौभाग्य चौधरी आदि उपस्थित रहे।



सेक्रेड हॉर्ट्स स्कूल में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● **सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में हुई एथलेटिक मीट स्पर्धा**



अमृत विचार

बरेली , सोमवार, 15 दिसंबर 2025



## शहर में आज

- भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं कल्याण पर पालकी यात्रा बिहारीपुर स्थित जैन मंदिर से सुबह 10 :30 बजे।
- बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक।
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय पुरुष हॉकी के ट्रायल दोपहर 2 बजे से।
- विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक हाइडिल गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे।

## परास्नातक के छात्रों की एन्रोलमेंट लिस्ट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने रविवार को परास्नातक पाठ्यक्रमों की एन्रोलमेंट लिस्ट जारी कर दी। एमए उर्दू, गणित, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, इतिहास, हिंदी, भूगोल, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र समेत अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इन सभी के साथ फार्म भरने का तरीका भी बताया गया है।

# देवमूर्ति की गुलदाउदी बनी किंग और श्रद्धा की क्वीन ऑफ शो

### संस्थागत श्रेणी में कैंटोनमेंट बोर्ड ने जीती ट्रॉफी, गंगाशील रहा उप विजेता, प्रदर्शनी के विजेताओं को उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बांटे पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जीआरएम स्कूल परिसर में दो दिवसीय 26वीं श्री नमोनारायण स्मृति गुलदाउदी प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी में आखिरी दिन पुष्प प्रेमियों की भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी में 30 किस्मों के 967 गमले प्रदर्शित किए गए, जिसमें देव मूर्ति की गुलदाउदी को ''किंग ऑफ द शो'' और श्रद्धा खंडेलवाल की गुलदाउदी को 'क्वीन ऑफ द शो' घोषित किया गया।

समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में संसदीय कार्य एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आज अधिकांश बीमारियों की जड़ तनाव है। ऐसे में इस तरह के आयोजन मानसिक तनाव से बचने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रदर्शनी में संस्थागत श्रेणी में कैंटोनमेंट बोर्ड ने आठ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि गंगाशील को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। आईवीआरआई को एक कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं द्वितीय पुरस्कारों में गंगाशील को पांच, बिशप स्कूल को दो ओर आईवीआरआई और केसीएमटी को एक-एक सम्मान मिला।


गुलदाउदी प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित करते मंत्री सुबोध उनियाल। ● अमृत विचार


प्रदर्शनी को देखते डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल।


फूलों के साथ फोटो लेते बच्चे व युवती। ● अमृत विचार

### व्यक्तिगत प्रविष्टियों में ये रहे विजेता

व्यक्तिगत प्रविष्टियों में शशि बाला राठी, आशा मूर्ति, फादर रॉयल एंथनी, हरीश भल्ला और विभा वैद्य को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि पुनीत शर्मा, रजत खंडेलवाल, पूनम ढींगरा, नरेंद्र गुप्ता, निरुपम शर्मा और आलोक बंसल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यार्थियों में कक्षा 11 के पार्थ भाटिया को बेहतरीन डिजिटल इनवाइट तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 9 के कुशाग्र सारस्वत, कक्षा 5 की दिव्या और कक्षा 6 के अथर्व सक्सेना को प्रदर्शनी में अपनी एंट्रीज लाने के लिए सम्मान मिला।

### पहली बार भाग लेने वाले स्कूल सम्मानित

26वें संस्करण में पहली बार भाग लेने वाले केशलता इंटरनेशनल स्कूल, द गुरु स्कूल, अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल और डॉ. अजय को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. आलोक खरे और पूजा अग्रवाल सहित जीआरएम के मालियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने पर कैंट बोर्ड को विजेता और गंगाशील को उपविजेता ट्रॉफी सौंपी गई। जीआरएम की चेयरपर्सन उषारानी अग्रवाल, ट्रस्ट के प्रेसिडेंट रवि अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्राचार्य रणवीर सिंह रावत ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रदर्शनी के कोऑर्डिनेटर रसिक टंडन व मुग्धा बिष्ट रहे, जबकि संचालन रजनीश त्रिवेदी और राहुल मैसी ने किया। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल आदि मौजूद रहे। विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ ने प्रदर्शनी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# नील शर्मा और रोहन गुप्ता बने लेफ्टिनेंट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पवन विहार निवासी नील शर्मा ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे और भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया है।

रविवार को बातचीत करते हुए लेफ्टिनेंट नील शर्मा ने बताया कि लक्ष्य के प्रति स्पष्टता, नियमित अभ्यास और मानसिक दृढ़ता ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। नील शर्मा के पिता शैलेश शर्मा व्यवसाय से जुड़े हैं। माता अल्का शर्मा गृहिणी हैं। उनकी बहन भव्या शर्मा कक्षा 9 में जीआरएम स्कूल में अध्ययनरत हैं। वहीं ग्रीन पार्क के सामने राधा कुंज कॉलोनी निवासी हरिओम गुप्ता के बेटे रोहन कुमार गुप्ता भी सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। हरिओम ने बताया कि रोहन सिख रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट के पद पर रहते हुए राष्ट्र की सेवा करेंगे।


माता-पिता के साथ लेफ्टिनेंट नील शर्मा। ● अमृत विचार


माता पिता के साथ लेफ्टिनेंट रोहन कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

# क्रिसमस पर प्लम और फ्रूट रम केक के मिल रहे ज्यादा आर्डर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** क्रिसमस को लेकर बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। बेकरी पर अपनी पसंद के केक बनवाने के आर्डर पहुंच रहे हैं। इसके अलावा बाजार में डेकोरेशन की दुकानों पर क्रिसमस ट्री और गिफ्ट की भी बिक्री तेज हो गई है। बच्चों के साथ बुजुर्गों ने एक दूसरे को गिफ्ट देने के लिए खरीदारी शुरू कर दी है।

दुकानदारों ने बताया कि चॉकलेट केक, इटालियन क्रीम, स्टिकी टॉफी, पुडिंग डेट्स नट, लोफ और फ्रूट केक खासतौर पर तैयार किए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा फ्रूट रम और प्लम केक की मांग अधिक है। ग्राहकों की डिमांड पर केक में सांता क्लॉज के स्टिकर आदि लगाए जाएंगे। बाजार में 300 से 1 हजार रुपये तक के केक अलग- अलग फ्लेवर में उपलब्ध हैं। क्रिसमस ट्री और गिफ्ट की हो रही बिक्री

क्रिसमस को लेकर ईसाई समाज के लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। लोग अपने घरों को सजाने के लिए झालर और स्टार की खरीददारी कर रहे हैं। दुकानों पर सांता क्लॉज की ड्रेस, क्रिसमस ट्री, सजावटी सामान और उपहार सजे हुए हैं। जिंगल बेल की ढेर सारी वेरायटी बाजार में है। सादा क्रिसमस ट्री 25 से 1800 रुपये तक उपलब्ध है। इसमें सजावट का सामान झालर, क्रिसमस बेल, आदि अलग से खरीदना होगा। दुकानों पर लोग प्रभु यीशु की पेंटिंग और अन्य उपहारों को अधिक पसंद कर रहे हैं।


दुकान पर तरह-तरह के केक तैयार करके रखे गए। ● अमृत विचार


क्रिसमस ट्री की अलग-अलग वैरायटी बाजार में हैं मौजूद। ● अमृत विचार


केक के आर्डर अभी से मिलना शुरू हो गए हैं। क्रिसमस नजदीक आते ही आर्डरों की संख्या बढ़ेगी। **-देवेंद्र टिकियानी,** दुकानदार


अभी क्रिसमस ट्री कम बिक रहे हैं, लेकिन लोग गिफ्टों की खूब खरीदारी कर हैं। बच्चे, जवान, बूढ़े सब एक दूसरे की पसंद के उपहार खरीद रहे हैं। **-सत्यपाल, दुकानदार**


क्रिसमस ट्री की बिक्री शुरू हो गई है। 1 से 6 फुट तक के क्रिसमस ट्री मौजूद हैं। कुछ ग्राहक बड़े ट्री को पसंद कर रहे हैं। **- रामिश इकबाल, दुकानदार**


केक की बिक्री तो बढ़ी है। क्रिसमस के आर्डर सात दिन पहले अधिक आते हैं। ग्राहकों को समय पर केक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। **-राहुल खंडेलवाल, दुकानदार**

# चर्च में कैरल्स गाकर दिया प्रभु यीशु के जन्म का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च की कॉयर ने रविवार शाम को 10 गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के जन्म का संदेश और उनके संसार में आने का उद्देश्य बताया। सभा का आरंभ अरुण आर सिंह की आराधना से हुआ। इसके बाद पादरी सुनील मसीह, मेलरीड मसीह, पादरी केवी एडमंड, प्रिमरोज एडमंड, पादरी प्रमोद नंदा, शोभा नंदा, पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, डॉ. विनोद पागरानी, जगदीश पाटनी, पार्षद राजेश अग्रवाल, डॉ. डोनाल्ड बी लाल और अंशुमान पैट्रिक ने कैंडल जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। जन प्रतिनिधियों ने मसीही समाज को क्रिसमस की बधाइयां दीं। कमेंटरी के माध्यम से डॉ. जेसिका बलदेव ने प्रत्येक गीत के महत्व के संदेश को समझाया। डॉ. सलील बलदेव के निर्देशन में कॉयर ने 10 बड़े दिन के गीतों को गाकर समा बांध दिया, जिसमें चुप है चंदा, चुप है तारे, सारे जहां के लोगों आओ, आओ दाऊद के शहर में आदि गीतों को सराहा गया। गिटार पर संगत जोशुआ बेली ने की और दयानिधि दिल्लू ने विशेष गीत गाया। नीलिमा बेली, कुमकुम चंद, अनिता पॉल, ममता मैसी, अनूप सिंह, विनीत सहाय, रीना प्रसाद, ममता दास, एवलिन दास, एंजेल, जायना की मधुर आवाजों से आराधना सभा भक्तिमय हो गई। आराधना सभा का समापन पादरी सुनील मसीह के आशीष वचन से हुआ।

- **जनप्रतिनिधियों ने मसीही समाज को क्रिसमस की बधाई दी**



मेले में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

### मेले में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

क्रिसमस मेले का आयोजन चर्च परिसर में किया गया। जिसमें खानपान, क्रिसमस के सजावट के सामान, झूले, विभिन्न प्रस्तुतियों ने आयोजन की रौनक को बढ़ाया। मेले में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट यूथ फेलोशिप, चर्च की महिला समिति, वार्न बेबी फोल्ड, सन्डे स्कूल, के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। मेले में मिस्टर मेला, मिस मेला, बेस्ट कपल, टैलेंट शो आदि प्रतियोगिताएं हुई। इसके बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। मेले के सफल आयोजन में अंशुमान पैट्रिक, विजय मैसी, डॉ. प्रियंका मसीह, निश्चय घोष, वंश, ऋषि आदि का सहयोग रहा।

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

Be a part of a dedicated and growing academic team !

NOW HIRING !

Join a Leading Institution Shaping Future Nurses

VACANCIES
- Associate Professor
- Assistant Professor
- Nursing Tutor

REQUIREMENTS
✓ Relevant qualifications as per INC Norms
✓ Strong teaching ability
✓ Commitment to academic excellence
✓ Passion for guiding nursing Students

CONTACT DETAILS
Mob : 7521001992, 9412151327
Email : vacn201@gmail.com, varunarjun2016@gmail.com
NH-30, Banthra, Shahjahanpur

# बाबा फतेह सिंह के जन्मदिवस पर सजा कीर्तन दरबार


मॉडल टाउन गुरुद्वारे में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा में गुरु गोविन्द सिंह साहिब के लखते जिगर छोटे साहिबजादा फतेह सिंह का जन्मदिवस माता भाग कौर ग्रुप की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मनाया गया।

इस दौरान पगड़ी एवं दुमाला प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें 103 बच्चों ने भाग लिया। जज की भूमिका हरप्रीत सिंह, रणजीत सिंह पूरनपुर से और रणजीत सिंह उत्तम नगर ने निभाई। इसके बाद उन्हें गुरमत की जानकारी दी गई। रात्रि में कीर्तन दरबार में सबसे पहले गुरसेवक कीर्तनी जत्थे ने हाजिरी भरी। उसके बाद विशेष हाजिरी दिल्ली से आए हरप्रीत सिंह ने अपने कीर्तन से संगत को निहाल किया।

कार्यक्रम का संचालन गुरदीप सिंह बग्गा ने किया। राजेंद्र सिंह, रजनीत कौर, जगबीर सिंह कालरा, अमनदीप सिंह बग्गा, जसदीप सिंह बग्गा, कंवलजोत सिंह का विशेष सहयोग रहा।

- **दिल्ली से आए रागी जत्थे ने किया कीर्तन**

## सिटी डायरी

### उत्तरायणी मेले को सफल बनाने के लिए हुआ प्रचार



**बरेली, अमृत विचार :** 13 से 15 जनवरी को लगने वाले उत्तरायणी मेले का संगठन मंत्री सीबी तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय सचिवों ने रविवार को क्षेत्रीय सचिव राधा बल्लभ पांडेय के साथ दुर्गा नगर सैनिक कालोनी, सुरेश शर्मा नगर, महानगर में प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान मैले को कैसे भव्य बनाया जाए, इस पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम हर हफ्ते चलता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश पांडेय, सुरेश भदुला, प्रभात गैरोला, केसी पांडेय, हरि दत्त जोशी, प्रेम सिंह राणा, प्रकाश पांडेय आदि लोगों का सहयोग रहा।

### संगीत गोष्ठी में अभिनेता धर्मेंद्र को दी गई श्रद्धांजलि




**बरेली, अमृत विचार :** गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी ने बरेली क्लब क्लाउड-9 में रविवार को अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए संगीत गोष्ठी आयोजित की। इसमें सदस्यों की ओर से धर्मेंद्र की फिल्मों के गाने प्रस्तुत किए। समिति के अध्यक्ष अशोक सक्सेना एवं सचिव अरुण शर्मा ने बताया धर्मेंद्र जन-जन के प्रिय हीरो थे और लोग उनको दिल से प्रेम किया करते थे। समिति का उद्देश्य शौकिया गायकों का संकोच दूर करके उन्हें स्टेज सिंगिंग तक पहुंचाना है, इसलिए सोसाइटी लाइव कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम में सोसाइटी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष एसपी ओबेराय, रतन शर्मा, विपिन मेहरा, विकास जौहरी, निरंकार ओबेराय, नीरज टंडन, कंचन शर्मा, माला शर्मा, ममता शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन अजय राज शर्मा ने किया।

### विजेन्द्र नाथ प्रधान और राजीव आर्य मंत्री बने





**बरेली, अमृत विचार :** आर्य प्रतिनिधि सभा लखनऊ के निर्देशन में रविवार को आर्य समाज मॉडल टाउन में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक श्वेत केतु शर्मा की देखरेख में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से विजेन्द्र नाथ गुप्ता को प्रधान और राजीव आर्य को मंत्री चुना गया। जिले के 51 आर्य समाजों के 121 प्रतिनिधियों और मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया। कार्यकारिणी में श्याम रस्तोगी, विजय कुमार आर्य, ओम सिंह और सरोज राठौर को उपप्रधान और उषा अग्रवाल, धारा सिंह, जवाहर लाल और प्रताप सिंह आर्य को उपमंत्री, सुरेश चन्द आर्य, वीरदत्त और रोहिताश कुमार को ऑडिटर और छोटेलाल, लालमन, भूदेव सिंह, देवदत्त चौधरी और भारत सिंह को तहसील प्रभारी चयनित किया गया। सभा में विजय देव आर्य, हरनाम, इंद्रदेव और विजय पाल को पुरोहित नियुक्त किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने आर्य समाज की प्रगति के लिए योगदान देने और वेदों की ओर लौटने का संदेश साझा किया।

### धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त धाम का स्थापना दिवस

**बरेली, अमृत विचार :** चित्रगुप्त धाम का स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर डॉ. शिव कुमार ने पूजा अर्चना के साथ किया। इसके बाद यज्ञ में आहुति दी गई। अंत में भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना ने कहा कि सभी मानव कायस्थ हैं, क्योंकि वह ब्रह्मा जी की काया से उत्पन्न हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान, डॉ. सुबोध अस्थाना, शिव कुमार, अंकुर किशोर सक्सेना, रवि सक्सेना, पंकज सक्सेना, प्रियांशु कमठान, अनुपम सक्सेना, तरुण कुमार, किरन सक्सेना आदि ने सहयोग किया।

